
आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने रात में सड़क पर उतरे आइजी और डीआइजी

**अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रात के समय पुलिस की मौजूदगी शहर में बढ़ा दी गयी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार आधी रात को रांची रेंज के आइजी अखिलेश झा और डीआइजी अनूप बिरथरे खुद सड़कों पर निकले। दोनों अधिकारियों ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी चेक नाकों सुरक्षा में तैनात जवानों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने को कहा। वहीं पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश दिये।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था रात के समय पूरी तरह से दुरुस्त रहे, इसके लिए कई तरह के उपाय किये गये हैं। पूरे शहर में 15 चेक नाका का निर्माण किया गया है, जहां से बिना जांच किसी भी वाहन को गुजरने नहीं देना है। इसके साथ ही थानेदारों को भी नियमित चेकिंग अभियान में निकलना है। सभी चेक नाकों पर तैनात पुलिसकर्मी किसी तरह की लापरवाही तो नहीं कर रहे हैं, इसी का जायजा लेने आइजी और डीआइजी शहर में निकले थे। उनके साथ कोतवाली डीएसपी, मुख्यालय वन डीएसपी, हटिया डीएसपी, सीसीआर एएसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं, डीआइजी अनूप बिरथरे ने बताया कि रात के समय रांची में होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने, अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रात के समय पुलिस की मौजूदगी शहर में बढ़ा दी गयी है। बताया कि सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया है कि वह रात के समय भी अपने थानों में मौजूद रहें और शहर की सुरक्षा का ख्याल रखें। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी सहित कई अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिये थे।

## डीआइजी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की सराहना की

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे ने ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात जवानों का ब्रीफिंग किया। बुधवार को डीआइजी ने हॉटलिप्स चौक से अरगोड़ा चौक तक के सभी ट्रैफिक पोस्टों पर तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात सुगम बनाने और आम लोगों से सभ्य और अनुशासित व्यवहार करने के लिए किन-किन बातों को ध्यान रखना चाहिए, इसके संबंध में ब्रीफिंग की। इसके अलावा ट्रैफिक पोस्टों में अच्छे



कार्य करने वाले ट्रैफिक पुलिस को मनोबल बढ़ाये रखने के लिए पुरस्कृत भी किया जायेगा। जिसमें गाड़ीखाना चौक पर प्रतिनियुक्त हवलदार, अशोक कुमार सिंह और किशोरगंज चौक पर प्रतिनियुक्त महिला आरक्षी, सरोज कुमारी कर्ण शामिल हैं।

# सामूहिक विवाह में 151 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय उपस्थित रहे**

**कहा-सामूहिक विवाह दहेज प्रथा पर रोक लगाने का अच्छा प्रयास है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिद्धेश्वरी देवी चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी रांची और महिला उत्थान संगठन ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 151 जोड़ी वर वधू को स्थानीय समीरन बैंक्वेट हॉल लटमा में वैवाहिक रूप से परिणय सूत्र में बंध गये। कार्यक्रम कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू की अगुवाई में संपन्न कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह उपस्थित रहे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने वर वधु को आशिर्वाद दिया और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार होना चाहिए। सामूहिक विवाह दहेज प्रथा पर रोक लगाने का अच्छा प्रयास है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा सामाजिक रूप से वैवाहिक सूत्र में बंधे सभी नव दंपति बधाई के पात्र हैं। कहा कि एक साथ इतने जोड़ों को एकत्रित कर एक स्थान पर परिणय सूत्र में बांधना चुनौती का कार्य है। विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि हमारा प्रयास समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की लड़कियों का विवाह करना है। प्रत्येक वर्ष इन सामाजिक संस्थाओं के साथ सहयोग कर ऐसे कार्यक्रम कराये जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला उत्थान संगठन की अध्यक्ष रेणु देवी, सचिव सावित्री देवी, सुनील सहाय, अमरेंद्र सिंह, गुलाम जावेद, मनिंदर सिंह, पंकज प्रियदर्शी, रीता देवी, आलोक कुमार, संजीव कुमार, राज सिन्हा, मुन्ना यादव, समीर, अंकित सहाय, बंटी गुप्ता, सोनू कु सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एलएपी रांची जिला कार्यसमिति की घोषणा के साथ पौरोपण का शुभारंभ




**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष मुकुल नायक के नेतृत्व में बुधवार को जिला कार्यसमिति का पहली सूची जारी की गयी। सामाजिक न्याय और हरियाली का संकल्प के साथ कांके प्रखंड अंतर्गत सुकुरहुटू उत्तरी पंचायत के घसीपोड़ा शमशान घाट पर 50 से अधिक फलदार एवं छायादार वृक्ष व पार्टी द्वारा लक्षित 1000 पौधा लगाने का मानसून रोपण कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू, नव मनोनीत जिला महासचिव देवपूजन ठाकुर, विजय राय, प्रवक्ता डॉ दानेश्वर साहू, कार्यसमिति सदस्य जुल्फान अंसारी, गणेश साहू, धनंजय कुमार, अजय नायक, मुकेश महतो, प्रवीण महतो शामिल थे।

### स्वास्थ्य शिक्षा के लिए रोचक कंटेंट डिजाइन के लिए फैकल्टी मेंबर्स को प्रशिक्षण मिला




**रांची (आजाद सिपाही)।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन व रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पांचवें दिन स्वास्थ्य शिक्षा के लिये रोचक कंटेंट डिजाइन का प्रशिक्षण फैकल्टी मेंबर्स को दिया गया। मौके पर दो तकनीकी सत्र व एक प्रैक्टिकल सेशन आयोजित की गयी। रिसोर्स पर्सन के रूप में सिएटल अमेरिका से मनोचिकित्सक डॉ ऐश्वर्या, देवनीका हॉस्पिटल से न्यूरोसर्जन डॉ विराट हर्ष एवं पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख उपस्थित थे। डॉ ऐश्वर्या ने जनजातीय समाज के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डिजिटल कंटेंट तैयार करने की सलाह दी। न्यूरोसर्जन डॉ विराट हर्ष ने स्वास्थ्य शिक्षा के लिए इंटरैक्टिव कंटेंट डेवलप करने पर बल दिया। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने क्षेत्रीय भाषा व संस्कृति से जुड़ने की सलाह दी। प्रैक्टिकल सेशन में फैकल्टी मेंबर्स को कैनवा का उपयोग करते हुए ट्राइबल लैंग्वेज में डिजिटल कंटेंट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

### महाप्रबंधक ने दरभंगा, सहरसा, सरायगढ़ स्टेशन का किया निरीक्षण



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा देर रात दरभंगा स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने दरभंगा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक यहां क्रू लॉबी भी गये जहां उन्होंने क्रू लॉबी का मुआयना कर कार्यरत रेलकर्मियों से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की। इसी कड़ी में महाप्रबंधक ने बुधवार को निमार्णाधीन दरभंगा बाइपास लाइन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिसो हाल्ट के निकट समपार संख्या 4सी का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े पहलुओं का भी जायजा लिया एवं गेटमैन की संरक्षा संबंधी कार्यप्रणाली को परखा। महाप्रबंधक ने सरायगढ़ स्टेशन पर पैनल रुम का मुआयना भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया । बाढ़ आने की स्थिति में सुगम रेल परिचालन सहित समस्तीपुर मंडल द्वारा बाढ़ के मद्देनजर की गयी अन्य तैयारियों का जायजा भी महाप्रबंधक द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव तथा मुख्यालय एवं समस्तीपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की रांची मंडल शाखा ने किया पौधरोपण




**रांची (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (सर्वो) की रांची मंडल शाखा विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में काम करते आ रही है। संगठन, महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य करती है और समय-समय पर अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में भी मदद करती है तथा सदैव सामाजिक कार्य में अग्रणी रहती है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (सर्वो) रांची मंडल द्वारा सर्वो अध्यक्षा मोना बिंद्रा की अध्यक्षता में रेलवे कॉलनी में पौधरोपण किया गया। इस दौरान कॉलनी के विभिन्न भागों में कुल 200 पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में सर्वो सचिव रश्मि पिप्पल, विमलेश मीना, अनु, ममता सिन्हा, प्रियंका, मीनाक्षी, अनुभा, पुष्पलता, वंदना, सुकुमती, नीतू एवं अन्य सर्वो सदस्याएं भी शामिल थीं। साथ ही स्काउट एंड गाइड के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# पर्यावरण मित्र रांची ने बेड़ो प्लस टू स्कूल में फलदार पौधे लगाये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसएस प्लस टू हाइस्कूल बेड़ो, रांची के एक शिक्षक कांता कच्छप के आग्रह पर पर्यावरण मित्र रांची झारखंड ने बुधवार को 50 फलदार और छायादार पौधे स्कूल परिसर में लगाये। इसमें आम, कटहल, जामुन, अमला, काजू, करंज, छातीम और सखुआ के पौधे शामिल थे। इस पौधारोपण अभियान में पर्यावरण मित्र के संयोजक प्रोफेसर इंदल पासवान के नेतृत्व में पौधारोपण के साथ सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग मांगा। इस कार्यक्रम में डॉ मृणाल पिंगुआ और नंदकिशोर राम ने सक्रिय भूमिका निभायी। प्रोफेसर इंदल पासवान ने कहा कि प्रदूषित होते पर्यावरण की विकरालता को देखते हुए कोकर रांची के कुछ युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनोखी पहल किया है जिसमें स्कूल और कॉलेज के दोस्तों ने मिलकर पर्यावरण मित्र नामक एक समूह बनाया है, जो प्रत्येक रविवार को किसी सार्वजनिक स्थान पर पौधारोपण करता है और प्रत्येक दूसरे रविवार को आम नागरिकों के बीच पौधा वितरण करता है। ताकि पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का सहयोग प्राप्त किया जा सके। इस पौधारोपण अभियान में स्कूल की प्रधानाध्यापिका हेनरीयता, शिक्षक प्रेमी भुइया, कांता कच्छप, सुनिता, बिनिता, अमिता, खीस्त जोरेंग, नीतू मनीषा, मीना, ज्ञानेंद्र, फैज अहमद, राणा संग्राम, अजय, राजू, सुमित, सत्य प्रकाश, में राकेश, उसुर्ला, पूनम सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स की मान्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) का मान्यता प्राप्त हुआ है। यह मान्यता पारस हॉस्पिटल को मरीजों की सुरक्षा और बेहतर केयर करने के लिए मिला है। इसकी मान्यता चार साल की है। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, जिसे एनएबीएच के नाम से भी जाना जाता है।

डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि




इस मान्यता का उद्देश्य मरीजों की सुरक्षा की वैश्विक समझ को बढ़ाना, स्वास्थ्य देखभाल की सुरक्षा में सार्वजनिक भागीदारी बढ़ाना और रोगी सुरक्षा बढ़ाने तथा रोगी को होने वाली हानि को कम करने के लिए वैश्विक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। पारस हॉस्पिटल मरीजों का ख्याल एक परिवार की तरह करती है। एनएबीएच का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्य सेवा संगठन मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं प्रदान करें। इसमें पारस हॉस्पिटल खरा उतरा है।

### पारस हॉस्पिटल में अब नि:शुल्क होगा कटे होंठ और तालू का इलाज

पारस हॉस्पिटल में अब नि:शुल्क कटे होंठ और तालू वाले मरीजों की सर्जरी होगी। पूरे झारखंड में पारस हॉस्पिटल एकल हॉस्पिटल है, जहां जन्म से कटे होंठ व कटे तालू वाले मरीजों का नि:शुल्क पंजीकरण स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत किया जायेगा। डॉ नीतेश ने बताया कि स्माइल ट्रेन एक गैर-लाभकारी संगठन और चैरिटी है जो कटे होंठ और तालू वाले बच्चों के लिए सुधारात्मक सर्जरी प्रदान करता है।

# वकील के घर डकैती की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा समेत रांची के अन्य इलाकों में अपराधियों का उत्पात जारी है। मंगलवार की देर रात झारखंड हाइकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद के घर पर अपराधियों ने डकैती की कोशिश



की। इन अपराधियों की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गयी हैं। अधिवक्ता सूरज का घर धुर्वा में सेक्टर 3 में है। अपराधियों की आहट पाकर सूरज ने पीसीआर को फोन कर जानकारी दी। सूचना पाकर पीसीआर तुरंत उनके आवास पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी देख सभी अपराधी भाग गये। इस पूरी घटना की लिखित जानकारी अधिवक्ता सूरज ने धुर्वा थाना में दी है।

### मां की मौत के बाद डिप्रेशन में बेटी ने भी कर ली आत्महत्या



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के रिवर साइड हटिया में एक 34 साल की युवती ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। मृतक युवती का नाम भूमि बोरा है। उसके पिता जीतन बोरा ने बताया कि 6 माह पहले ही उसकी मां की मौत हुई है। मां कैंसर से पीड़ित थी। उसका मां से काफी लगाव था। जिसके बाद भूमि डिप्रेशन में रहने लगी थी। मंगलवार की रात वह खाना खाकर अपने कमरे में गयी। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आयी तो वे उसके कमरे में गये तो देखा कि भूमि फंदे से लटक रही है। इनके बाद आसपास के लोग भी उनके घर पहुंच गये। भूमि को फंदे से उतारा गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी जगरनाथपुर थाना को भी दिया गया। पुलिस आयी और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। भूमि के पिता के बयान पर पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उसकी मौत में किसी का भी दोष नहीं है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# मांडर कॉलेज में नये पाठ्यक्रम जरूरी : बंधु तिर्की

## एनएच 23 से केसीबी कॉलेज तक पक्की सड़क बनवाये रांची विश्वविद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय के तहत मांडर कॉलेज में जरूरत के अनुरूप नये एवं आवश्यक पाठ्यक्रमों की शुरुआत के साथ ही महाविद्यालय में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। श्री तिर्की ने कहा कि मांडर कॉलेज के साथ ही करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो, रांची विश्वविद्यालय के तहत बहुत ही महत्वपूर्ण कॉलेज हैं और यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस संपूर्ण क्षेत्र में यह वैसे कुछेक कॉलेजों में से एक है जहां उच्च शिक्षा के लिए एक बड़ी आबादी निर्भर है और उनमें से अधिकांश मध्य एवं निम्न आय वर्गीय परिवार से हैं इसलिये इस संपूर्ण क्षेत्र के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए ऐसा करना बहुत जरूरी है।

इस संदर्भ में श्री तिर्की ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजित कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उनसे अनुरोध किया कि मांडर कॉलेज में स्नातक विज्ञान पाठ्यक्रम की पढ़ाई अविलंब शुरू करने की आवश्यकता है और इसके तहत भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, जंतु विज्ञान, भूगर्भ शास्त्र आदि का पाठ्यक्रम शुरू किया जाना नितांत जरूरी है। जिससे इस क्षेत्र के मेधावी छात्र-



छात्राओं को इन विषयों में स्नातक अध्ययन की सुविधा प्राप्त हो।

श्री तिर्की ने कहा कि वोकेशनल पाठ्यक्रम के तहत बीएड, बीसीए, बीबीए एवं स्नातक (फार्मिंग) का अध्ययन की शुरूआत भी जरूरी है। मांडर कॉलेज में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की कमी को गंभीर बताते हुए श्री तिर्की ने कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए कुलपति महोदय के स्तर से कार्रवाई की जरूरत है क्योंकि इसके कारण न केवल पढ़ाई बल्कि मांडर कॉलेज के प्रबंधन एवं संचालन में भी बाधा आ रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मांडर कॉलेज की चारदीवारी के निर्माण पर जोर देते हुए श्री तिर्की ने मांडर कॉलेज में पेयजल की उपलब्धता, मांडर कॉलेज में सुसज्जित कंप्यूटर लैब की स्थापना, मांडर कॉलेज में आवश्यक फर्नीचर के तहत आवश्यक बेंच-डेस्क की कमी को दूर करना भी, मांडर कॉलेज में स्टेडियम के निर्माण जैसे विषयों पर सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा की। श्री तिर्की ने कहा कि रांची-गुमला राष्ट्रीय उच्च पथ 23 पर बेड़ो में अवस्थित करमचंद भगत कॉलेज के भवन को एनएच से काली सड़क से जोड़ने की जरूरत है जिससे आने-जाने में किसी को परेशानी न हो।

इसके साथ ही आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री तिर्की ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मिलकर परीक्षार्थियों से संबंधित विसंगतियों को दूर करने, डॉ. रामदयाल मुंडा जनजाति अनुसंधान संस्थान के निदेशक से मिलकर भुईहर मुंडा से संबंधित जटिल समस्याओं के निराकरण की भी मांग की। आज ही उन्होंने राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त से भी मुलाकात की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



## सहायक पुलिसकर्मी मांगों को लेकर धरना दे रहे

# सहायक पुलिसकर्मी इस बार आर-पार की लड़ाई के मूड में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के सहायक पुलिसकर्मी इस बार आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। 12 नक्सल प्रभावित जिलों में संविदा के आधार पर बहाल 2,500 सहायक पुलिसककर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में महिला पुलिसकर्मी भी टेंट लगा बच्चों को गोद में लेकर डटी हुई हैं।

बुधवार को सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रेस के माध्यम से यह वक्तव्य दिया है कि झारखंड सरकार सहायक पुलिस कर्मियों के प्रति सकारात्मक है। उनके लिए दरवाजा खुला है सरकार बातचीत करना चाहती है। इस संदर्भ में सहायक पुलिस कर्मियों का कहना है कि सरकार यदि सकारात्मक है संवेदनशील है तो इस समस्या का निदान के लिए स्पष्ट नीति क्या है दरवाजा खुला है तो किस तरह का दरवाजा खुला है। हम लोग किसके माध्यम से उसे दरवाजे तक पहुंचे कहां बातचीत होगी, कैसे बातचीत होगी, क्या बातचीत होगी और और कब बातचीत होगी। इसका फलाफल कब तक मिलेगा। उन्होंने कहा कि गृह विभाग विशेष सचिव मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव गृह विभाग के प्रधान सचिव के समक्ष वार्ता एवं मांग पत्र सौंपा गया उसका क्या हुआ। इसका भी वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं है। सरकार और सरकार के प्रतिनिधि स्पष्ट करें की किस स्तर पर कहां बातचीत होगी और इसका लाभ कब तक दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि तीन बार हम लोग आश्वासन पर आंदोलन स्थगित किये हैं। इसबार करो या मरो के तहत आंदोलन रुकेगा। हमलोग चाहते हैं कि सभी सहायक पुलिसकर्मी मुख्यमंत्री आवास जाकर उत्सव मनायें। इसपर पहल सरकार को ही करनी है।

# योजनाओं का लाभ योग्य अभ्यर्थियों को मिले : कृषि मंत्री

- विभागीय अधिकारियों के साथ कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने की बैठक
- कई योजनाओं के लिए बजट किया संधारित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, दीपिका पांडेय सिंह ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन एवं व्यय हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए यह निर्देश दिया कि इन योजनाओं का लाभ किसानों को जल्द से जल्द मिले ताकि, किसानों का समुचित विकास हो सके।

### दूध आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहन मूल्य

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनांतर्गत झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित दूध संग्रहण व्यवस्था में शामिल ग्रामीण दूध उत्पादकों को उनके द्वारा आपूर्ति किये जा रहे दूध के लिए फेडरेशन द्वारा भुगतान मूल्य राशि के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा पूर्व में रु 3 प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन समर्थन राशि दी जाती थी। इस राशि को वर्तमान में बढ़ाकर रुपये 5 प्रति लीटर करने की स्वीकृति माननीय मंत्री ने दी है। इसके फलस्वरूप इस योजना हेतु रु 4745.00 लाख (सैंतालीस करोड़ पैंतालीस लाख) मात्र की स्वीकृति निर्गत की गयी। इस योजना से लगभग 66 हजार दूध उत्पादक लाभान्वित होंगे।

### प्रसार एवं कौशल विकास योजना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण प्रसार एवं कौशल विकाश योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों, ग्रामीण युवा, शिक्षित बेरोजगारों के प्रशिक्षण वर्कशॉप सेमिनार मेला एवं अन्य प्रदर्शनी प्रचार-प्रसार एवं अन्य कार्य के साथ प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, रांची एवं दुमका के सुदृढ़ीकरण की योजना के लिए कुल 595.00 (पांच करोड़ पंचानवे लाख) लाख मात्र के अनुमानित व्यय की योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरकेवीवाइ योजनांतर्गत एग्रो फारेस्ट्री उपयोजना हेतु रु 133.32 लाख (एक करोड़ तैंतीस लाख बत्तीस हजार) की राशि योजना के कार्यान्वयन एवं व्यय हेतु स्वीकृत्यादेश निर्गत किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनांतर्गत 8 पशु-पक्षी प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण के व्यय हेतु रु 100 लाख (1करोड़) की अनुमानित राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी।

### राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनांतर्गत राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड को बजट उपबंध के आलोक में कुल रु 333.34 लाख (तीन करोड़ चौंतीस लाख चौंतीस हजार मात्र के अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गयी।

### मत्स्य विभाग में नियुक्ति नियमावली में संशोधन

पूर्व में बासा (बिरसा एग्रीकल्चरल स्टूडेंट एसोसिएशन) के द्वारा आवेदन दिया गया था कि राज्य के मत्स्य विभाग में बीएफएससी डिग्री (प्रोफेशनल डिग्री) धारकों को ही नियुक्ति प्रदान की जाये ताकि राज्य में मछली पालन की अपार संभावनाओं का समुचित विकास हो सके। मंत्री ने इस आवेदन को संज्ञान में लेते हुए बुधवार को छात्रों के हित में यह निर्णय लिया की भविष्य में मत्स्य विभाग की नियुक्ति में बीएफएससी डिग्री धारकों को एकमात्र पात्रता मानदंड के रूप में देखा जायेगा। इस संबंध में मंत्री ने कृषि सचिव को यह निर्देश दिया कि इसके आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# धरने पर बैठे मनरेगाकर्मी, स्थायीकरण की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के द्वारा बुधवार को तय कार्यक्रम के अनुसार रांची जिला के मनरेगाकर्मियों ने राजभवन के समीप जाकिर हुसैन पार्क के बाहर एक दिवसीय धरना सह मृत मनरेगा साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने को कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के जिलाध्यक्ष संजय प्रमाणिक की अध्यक्षता में रांची जिला के मनरेगाकर्मियों उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।

बता दें कि अपने स्थायीकरण एवं वेतनमान की मांग को लेकर राज्य भर के मनरेगाकर्मियों ने सरकार को मांगपत्र सौंपा है और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। जिसके तहत 02 जुलाई को मोरहाबादी मैदान बापू वाटिका से मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा एवं एकदिवसीय धरना का कार्यक्रम किया गया था। आज उसी कड़ी में जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना सह मृत मनरेगा साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

आगामी 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल किया जाना तय है। यदि सरकार हमारे स्थायीकरण पर कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो तय कार्यक्रम के तहत 22 ।07 ।2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जॉन पीटर बागे (प्रदेश अध्यक्ष), बीपीओ इम्तियाज , मृत्युंजय महतो (जिला कोषाध्यक्ष) के साथ साथ सभी प्रखंडों से मनरेगा साथी उपस्थित हुए।

# केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम पहुंची रांची, झारखंड विधानसभा चुनाव पर करेगी मंथन

आजाद सिपाही संवाददादा



**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरीय उप निर्वाचन आयुक्त नितेश कुमार व्यास और प्रधान सचिव अरविंद आनंद बुधवार शाम रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एसपीएनओ अमोल वी. होमकर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ रांची जिला के वरीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। आयोग की टीम गुरुवार को पतरातू पर्यटन विहार स्थित सभागार में झारखंड में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करेगी।

### स्वच्छ जलवायु के लिए करें पौधरोपण: संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया एमइएस सिविलियन इंजीनियर्स एसोसिएशन, एरिया हेडक्वार्टर नामकोम रांची ने देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को रक्षा राज्य मंत्री बनने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके आवासीय परिसर में बधाई दी। साथ ही रांची स्थित खोजाटोली नामकोम परिसर में पौधरोपण के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा स्वच्छ जलवायु के लिए पौधारोपण आवश्यक है। सभी लोगों को अपने माता-पिता के नाम से पौधारोपण करना चाहिए साथ ही उसकी रक्षा भी। बधाई देने वालों में मुख्यरूप से सिविलियन इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार गौतम सहित छात्र पर्यावरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं संरक्षक आमोद कुमार पांडेय उपस्थित थे।

### मत्स्य पालन में वैज्ञानिक पद्धति अपना कर उत्पादन बढ़ायें : राजीव कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) की ओर से शालीमार, धुर्वा स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव कुमार, पूर्व मत्स्य निदेशक (भाप्रसे) ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने सभी उपस्थित मत्स्य कृषकों एवं अधिकारियों से आह्वान किया कि डॉ. हीरालाल चौधरी से प्रेरणा लेते हुए मत्स्य उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन में वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर मत्स्य पालन करें एवं मछली उत्पादन के रिकार्ड स्तर तक पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि सूखे की स्थिति में बड़े-बड़े जलाशयों में नयी तकनीक (केज कल्चर) के माध्यम से मत्स्य उत्पादन अधिक से अधिक करने की योजना सफलीभूत हुई है। इस अवसर पर आशीष कुमार, पूर्व उप मत्स्य निदेशक, मुख्य अनुदेशक, प्रशांत कुमार दीपक, सीमा कुमारी कुजूर, मुख्य अनुदेशक, तथा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन प्रशांत कुमार दीपक, (मुख्य अनुदेशक) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# युवाओं की भावनाओं और भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार : सुदेश महतो

- सितंबर तक 30 हजार नियुक्ति सरकार का एक और छलावा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सितंबर तक हेमंत सरकार द्वारा 30 हजार नियुक्तियों के दावे को छलावा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा कर जनादेश प्राप्त करने वाली सरकार, 5 सालों में मात्र 8287 नियुक्तियां देने में सफल रही है। जिनमें से 6426 नियुक्तियां पूर्व के रघुवर दास के सरकार में घोषित की गयी थी।

### कुर्सी बदलते ही 10 हजार नौकरियां गायब

सुदेश ने कहा कि पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने को है और अब 30 हजार नियुक्तियों के दावे की हकीकत भी कुछ दिनों में साफ हो जायेगी। जबकि पिछले महीने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 40 हजार नौकरियां देने की बात कही थी पर कुर्सी बदलते ही कुछ ही दिनों में 10 हजार नौकरियां गायब हो गयी। यह सरकार की युवाओं के प्रति संवेदनहीनता का एक और काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार नियुक्ति के नाम पर युवाओं की भावनाओं के साथ साथ उनके भविष्य से भी खिलवाड़ कर रही है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी करने के लिए समय चहिये जो इस सरकार के पास अब नहीं है।

### झारखंड के सभी 81 विधानसभा में चुनाव लड़ेगी आप : डीएन सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी झारखंड की प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक का आयोजन आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची में संपन्न हुआ। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक डीएनए सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के 24 साल हो गये, सत्ता आयी और गयी लेकिन झारखंड में व्यवस्था नहीं बदली। प्रदेश भर में हर दिन जमीन का झगड़ा मारपीट हत्या आम बात हो गयी है। उप संयोजक प्रेम कुमार ने कहा कि व्यवस्था बदलाव यात्रा के माध्यम से पूरे 81 विधानसभा क्षेत्र में 24 साल का हिसाब किताब होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत ने कहा कि झारखंड के मूलवासी आज भी बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और रोजगार के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झारखंड में शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स दोगुना से ज्यादा हो गया। पीने के पानी का टैक्स वसूला जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के हक और अधिकार के लिए झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार हैं। प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव और ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि झारखंड को 24 घंटा बिजली और हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली चाहिए।

### गीता चौबे को राजोपति देवी सम्मान मिलेगा

रांची (आजाद सिपाही)। बेंगलूरु में रहनेवाली रांची की साहित्यकार गीता चौबे गूंज को प्रयागराज में 21 जुलाई को उनके दूसरे उपन्यास 'लंबी होती परछाइयां' के लिए राजोपति देवी सम्मान मिलेगा। इसके पहले उनकी दो और कृतियां उपन्यास 'बंद घरों के रोशनदान' एवं प्रबंध-काव्य 'मौसम की अंगड़ाई' क्रमशः ग्वालियर और नासिक में सम्मानित की जा चुकी हैं।

## तकनीक के नये परिदृश्य में शिक्षा और युवा विषय पर संगोष्ठी

# तकनीक का बेहतर इस्तेमाल शिक्षा के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाने वाला: आशीष चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में 'तकनीक के नये परिदृश्य में शिक्षा तथा युवा' विषय पर संगोष्ठी की। मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन शांडिल्य ने की। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आशीष चौहान ने कहा कि अभाविप की 76 वर्षों की यात्रा भारत के विकास में योगदान की यात्रा रही है। 'ज्ञान, शील, एकता' ध्येय वाक्य के साथ कार्य करने वाले अभाविप कार्यकर्ताओं ने सदैव ही राष्ट्र प्रथम भावना के साथ कार्य किया है। तकनीकी उपकरणों का प्रयोग करके प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा और अनुरूपण के माध्यम से छात्रों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। एडाप्टिव लर्निंग सिस्टम छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों और सीखने की गति के अनुसार पाठ्यक्रम को अनुकूलित करते हैं जिससे उनकी शिक्षा का अनुभव अधिक प्रभावी बनता है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अभाविप आज भारत के प्रत्येक परिसर में मौजूद है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय को लेकर काम कर रही है। तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार हुआ है। तकनीक ने ऑनलाइन शिक्षा को व्यापक रूप से स्वीकार्य और सुलभ बनाया है जिससे विद्यार्थी किसी भी समय और कहीं भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक पुस्तक के शोध पत्र और अन्य शैक्षणिक संसाधनों तक आसान पहुंच प्राप्त हुई है। प्रो तपन शांडिल्य ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यशैली भारतीय समाज की कार्यशैली के अनुरूप सकारात्मक दिशा की ओर कार्य कर रही है।

महानगर अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में बनकर उभरी है। आज अभाविप शिक्षा के साथ समाज, पर्यावरण, सेवा, खेल, तकनीकी, आदि क्षेत्रों में भी प्रमुखता से कार्य कर रही है। इस अवसर पर अभाविप झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीप नारायण जायसवाल, महानगर अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार एवं महानगर मंत्री ऋतुराज सहदेव अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन विभाग की प्रदेश सह मंत्री दिशा दित्या ने किया।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार दिनांक : 19.06. 2024 क्रम.संख्या - 200 मैं सिता देवी आधार नं0 6650 5008 8914 पति गिरेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 44 वर्ष ग्राम रजहा पोस्ट उदयगढ़ थाना छतरपुर जिला पलामू राज्य झारखण्ड नागरिकता भारतीय। मैं शपथ पुर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता / करती हूँ कि :
1. यह कि चान्दनी कुमारी मेरी नाबालीक पुत्री है। जिसका यह वास्तविक नाम है। जो चांदनी कुमारी के आधार नं0 4014 5824 7512 में अंकित है। परन्तु पोस्ट ऑफिस के सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) के बैंक खाता संख्या 1900276328 में मेरी पुत्री चांदनी कुमारी का नाम अकांक्षी कुमारी अंकित हो गया है। 2. यह कि मेरी पुत्री अपने गांव घर में उक्त दोनों नाम से जानी जाती है। तथा दोनों नाम की एक ही लड़की है। तथा सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) में नाम सुधार करवाना आवश्यक है। 3. यह कि मैं अपनी पुत्री के दोनों नाम के एक ही व्यक्ति / लडकी होने एवं वास्तविक नाम की सत्यता हेतू शपथ कर रही हूँ। मैं सिता देवी शपथ पुर्वक एकरार करती हूँ कि उपरोक्त लिखी गयी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार दिनांक : 19.06. 2024 क्रम.संख्या - 201 मैं सिता देवी आधार नं0 6650 5008 8914 पति गिरेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 44 वर्ष ग्राम रजहा पोस्ट उदयगढ़ थाना छतरपुर जिला पलामू राज्य झारखण्ड नागरिकता भारतीय। मैं शपथ पुर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता / करती हूँ कि :
1. यह कि चन्दा कुमारी मेरी नाबालीक पुत्री है। जिसका यह वास्तविक नाम है। जो चन्दा कुमारी के आधार नं0 9759 2155 4004 में अंकित है। परन्तु पोस्ट ऑफिस के सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) के बैंक खाता संख्या 1900276327 में मेरी पुत्री चन्दा कुमारी का नाम नितु कुमारी अंकित हो गया है।
2. यह कि मेरी पुत्री अपने गांव घर में उक्त दोनों नाम से जानी जाती है। तथा दोनों नाम की एक ही लड़की है। तथा सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) में नाम सुधार करवाना आवश्यक है। 3. यह कि मैं अपनी पुत्री के दोनों नाम के एक ही व्यक्ति / लडकी होने एवं वास्तविक नाम की सत्यता हेतू शपथ कर रही हूँ।
मैं सिता देवी शपथ पुर्वक एकरार करती हूँ कि उपरोक्त लिखी गयी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

## जंगल बचाओ-पर्यावरण बचाओ अभियान को लेकर की बैठक




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड प्रखंड क्षेत्र के मानकीडीह गांव में आज वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें जंगल बचाओ पर्यावरण के संबंध में बताया गया। बैठक में मुखिया दुर्गा देवी विश्व भुषण सिंह मुंडा राज किशोर पुरान दुती कृष्ण मुंडा तारा चंद्र सिंह मुंडा प्रेम शाही मुंडा गुरू दयाल मुंडा गणेश मुंडा देवी चरण स्वासी सरस्वती देवी फलीनदर अहीर रेखा देवी महेश दास जयंती देवी धनु नाग आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## सांसद कालीचरण मुंडा ने दी श्रद्धांजलि

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कांशीडीह निवासी अधिवक्ता मदन महतो की धर्म पत्नी शिप्रा स्नेहा की मृत्यु विगत दिनो हुयी थी। बुधवार को उनके श्राद्ध कर्म में सांसद कालीचरण मुंडा पहुंचे और उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख प्रकट किया। मौके पर सत्येन्द्र नाथ शाहदेव, अनिल महतो, हलधर महतो, परमेश्वर महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू में बुधवार को नव नामांकित 9वीं और 11वीं के छात्र -छात्राओं का तिलक, पुष्प वर्षा और रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया। समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापिका समेत शिक्षक, शिक्षिकाओं ने आशीर्वचन दिया। नव नामांकित सभी विद्यथीर्यो को पुस्तकों का वितरण किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में पल्लवी, रुमा, दिव्या, अनामिका, डोली, जयंती, सुषमा, रेशमा संतोषी, प्रभा, काल्पना, निशा, बबली, ममता, सावित्री, प्रिया, कार्तिक, निशांत, अभिषेक, सुजीत, भीमा, अर्जुन, शिवशंकर ने भाग लिया। इस समारोह में मुख्य रूप से प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलमनी सोरेंग, कार्तिक प्रमाणिक, सुदामा प्रसाद, उमेश कुमार, सौरभ कुमार, मुकुल, दिलीप कुमार, रितेश कुमार समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।कार्यक्रम में मंच संचालन अमित विद और डॉ श्रवण कुमार पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्तिक प्रमाणिक ने किया।

## समय पर बारिश नहीं होने से किसान चिंतित



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में किसी भी गांव में बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। आसाड़ महीने के अंतिम समय में भी बारिश नहीं होने के कारण खेत में धान का बिछड़ा मुजार्ने के कगार पर है। प्रतिदिन अत्यधिक धुप के कारण खेत में लगे फसल भी नष्ट हो रहे है। इस वर्ष ज्यादा बारिश नहीं होने के कारण नदी, कुएं, बोरिंग आदि में भी पानी की स्तर घट रही है। किसान निमाई चंद्र महतो ने बताया कि अत्यधिक गर्मी तथा समय पर बारिश नहीं होने के कारण खेत में धान की बिछड़ा मुर्जा रहा है। धान की बीज को ऊँचे दामों पर खरीद कर खेतों में डाला गया था जो नष्ट हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि आसाड़ महीने के अंतिम समय में भी इस क्षेत्र का लाइफ लाइन माने जाने वाली कांची सिंचाई नहर पर अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है।कांची नहर पर समय से यदि पानी आएगा तो कुछ हद तक धान की खेती करना संभव हो पायेगा।

## बुंडू में बालू टर्बो एसोसिएशन की बैठक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू में बालू टर्बो एसोसियेशन की एक बैठक मंगलवार देर शाम हुई। बैठक में बालू कारोबारियों ने आरोप लगाया है कि वैध चालान पर भी प्रशासन द्वारा बालू गाडियों को चलने नहीं दिया जा रहा है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि यही स्थिति बना रही तो उनके द्वारा आमरण अमशन किया जायेगा। बैठक में उपस्थित बालू कारोबारी गुड्डू जायसवाल, धीरेन्द्र प्रसाद, राकेश जायसवाल, सुफेन महतो आदि ने कहा कि बुंडू में दो सरकारी बालू डंप है, जिनके पास पर्याप्त बालू स्टॉक और चालान भी है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा बालू गाड़ियों को चलने नहीं दिया जा रहा है। स्थित यह है कि गत लगभग तीन माह से बालू का संचालन पुरी तरह से बंद है। बालू कारोबारियों ने बताया कि बालू संचालन बंद हो जाने के कारण इस कारोबार में लगे मजदूर काम के अभाव में अंयत्र पलायन करने लगे हैं। गाड़ी मालिक बैंक का इएमआई भी जमा कर नहीं पा रहे हैं। बालू के अभाव में क्षेत्र में निर्माण कार्य ठप सा पड़ा है। इतना ही नहीं बालू की कालाबाजारी भी खूब की जा रही है और चालान के नहीं कटने से राज्य सरकार को राजस्व का घाटा भी हो रहा है। बालू टर्बो एसोसियेशन ने वरीय पदाधिकारियों से मांग की है कि चालान के साथ, वैध ढंग से चलने वाले बालू गाड़ियो को चलने दिया जाय, अन्यथा वे आंदोलन को मजबूर होंगे। बालू गाड़ियों का संचालन फिर से सुचारु रुप से चालू नहीं होने पर वे आमरण अनशन करेंगें। डीएसपी, इस संबंध में बुंडू डीएसपी रतिभान सिंह ने कहा कि पुलिस वैध कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करती, लेकिन अवैध कार्यों को होने भी नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा संदेह होने पर गाड़ियों को रोककर जांच की जाती है। अवैध पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है, वैध होने पर जाने दिया जाता है।

## मंदिर के वार्षिक उत्सव पर हुआ भंडारा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री जोड़ा मंदिर नामकुम जोरार का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोउलास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार सुबह 1001 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। जिसके बाद 24 घंटे का श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। बुधवार को रामायण पाठ समाप्त होने के बाद सुंदरकांड, पूजा, हवन एवं आरती होने के बाद दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक भव्य भंडारा चला। जिसमें करीब 7 से 8 हजार लोगों ने पंगत प्रसादी पायी। बता दे कि विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, बूंदी परोसी गयी। वहीं, मंदिर परिसर में शाम 4 बजे भजन किर्तन का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष राजकुमार सिंह, सचिव जानकी केसरी, पुजारी सुबोध पाठक, शशि सिंह, राम सिंह, प्रमोद केसरी, पिंटू सिंह, अरविंद सिंह, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, नीरज दुबे, एके उपाध्याय, टीके प्रसाद, शंकर गुप्ता, मोती केसरी, अरुण कुमार, अभय मिश्रा, कामदेव, सुरेश कुमार, शिव शर्मा, शुभम गुप्ता, बह्मचारी, नितिन, कृष्णा आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** भाजपा कार्यकताओं ने राय स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज और जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मांग को लेकर भाजपा नेता राजू गुप्ता ने कहा कि राय स्टेशन राजस्व के मामले में देश का पहला स्टेशन है। लेकिन राय क्षेत्र के लोगों का हमेशा अपेक्षित किया जाता रहा है। कहा कि राय स्टेशन में हमेशा तीन से चार कोयला रैक लगा रहता है जिसके कारण यात्रियों को ट्रेन के नीचे से गुजर के स्टेशन पहुंचना पड़ता है। वहीं इसके कारण बार-बार दुर्घटनाये होते रहती है और यात्रियों परेषानी का समाना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि पहले जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव राय स्टेशन में होता था लेकिन कोरोना काल के दौरान उसे बंद कर दिया। कहा कि राय सहित आसपास के क्षेत्र की जनता जम्मूतवी और रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन को राय स्टेषन में ठहराव की मांग सांसद संजय सेठ से किया है। मौके पर ज्ञापन देने वालों में खलारी मंडल भाजपा के मंत्री राजू गुप्ता, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो महतो, कमलेश महतो, चंद्रिका मुंडा, प्रमोद कुमार, टोनी महतो और अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अशोक परियोजना सलाहकार समिति की बैठक में मजदूरों की समस्या पर हुई चर्चा

**दस सूत्री मांग पूरी होने के बाद बायोमैट्रीक सिस्टम लागू करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार के सभागार मे अशोक परियोजना सलाहकार समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और संचालन कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग ने किया। बैठक मे परियोजना स्तर और कोयला मजदुरो की कई ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गयी। साथ ही पीसीसी कमेटी द्वारा अशोक परियोजना प्रबंधन को सौंपे गये दस सूत्री मांगो पर चर्चा की गयी। जिसमे मुख्य रूप से पीट ऑफिस में शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था करने, अशोक पीट ऑफिस और वर्कशॉप में नई कैंटीन का निर्माण करने, कैंटीन में मुख्यालय रांची कैंटीन की तरह किफायती दर में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने, जर्जर हो चुके रेस्ट शेल्टर को ठीक करने, अशोक परियोजना में असैनिक विभाग द्वारा किये गये दो वर्षों के कार्य का विवरण पीसीसी को उपलब्ध कराने, अशोक परियोजना में दैनिक उपस्थिति के लिए डीजीएमएस के नियम का पालन करने, अशोक परियोजना में काम करने वाले सभी मजदूरों को बचरा में आवास उपलब्ध कराने, उत्पादन बढ़ाने के लिए नई मशीन, पर्याप्त भूमि और स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध कराने, कर्मियों के आवास में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने और परियोजना में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गयी है। पीसीसी कमेटी के सदस्यों ने कहा कि उपरोक्त 10 सूत्री मांगे पूरी होने के बाद ही परियोजना में बायोमेट्रिक सिस्टम को लागू किया जाये। बैठक मे पीओ संजय कुमार, मैनेजर एसके सिंह, कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, हेमचन्द महतों, जगदीश मंडल, शंभु शरण प्रसाद के अलावा श्रमिक प्रतिनिधियो मे भीम प्रसाद मेहता, अरविन्द शर्मा, रविन्द्र कुमार सिंह, केके चतुवेर्दी, गुरूदयाल सिंह, अरूण सिंह, रामबच्चन यादव, मोहम्मद रहमतुलुल्लाह, समसुद्दीन अंसारी, महेंद्र केवट, गांधीराम साहू सहित कई अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# यूसीडब्ल्यू की एनके क्षेत्रीय कमिटी की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

**संयुक्त श्रमिक संगठन के 16 जुलाई को घोषित एक दिवसीय धरना को सफल बनाने किया गया आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन (एटक) की क्षेत्रीय कमिटी की बैठक डकरा स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चैहान ने किया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम यूनियन के क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिस पर बारी बारी से यूनिट और क्षेत्रीय यूनियन पदाधिकारियों ने अपना-अपना विचार रखा। साथ ही बैठक में कई प्रस्तावों को उपस्थित यूनियन पदाधिकारियों की सहमती से पारित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से यूनियन के सदस्यता बढ़ाने, 16 जुलाई को उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्रीय कार्यालय डकरा पर संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा आहूत एक दिवसीय धरना के कार्यक्रम को सफल बनाने, 11वां वेतन बोर्ड के एरियर भुगतान को ऑडिट कराने, एएमसी के कार्य सभी कॉलोनियों में तत्काल शुरू कराने, स्वच्छता मिशन के तहत सभी सीसीएल कॉलोनियों की साफ सफाई कराने, उचित मात्रा में पेय जल उपलब्ध कराने, मैनपावर बजट के अनुसार कामगारों को प्रमोशन देने, चुनाव कार्य पर जाने वाले सीसीएल कामगारो को ओडी एवं टीए-डीए का भुगतान कराने, डकरा केंद्रीय अस्पताल को सही और सुचारु रूप से नियम के तहत कार्य कराने सहित अन्य कई प्रस्ताव षामिल है। बैठक में दिनेश भर, अरबिंद कुमार, संजय प्रसाद, दिनेश भुइयां, अजित कुमार पांडे, भरत गंझू, जीतेन्द्र सिंह, मनोज कुमार चुरी, मनोज कुमार डकरा, बिरिंची कुमार, मयूर कुमार गंझू, लुकदेव, सुरेन्द्र राम आदि उपस्थित थे।

# खलारी कालीबाड़ी में मां विपत्तारिणी पूजा संपन्न नगर भ्रमण के साथ हुआ प्रतिमा का विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी पहाड़ी मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी में विपत्ततारिणी पूजा समिति के द्वारा किए जा रहे दो दिवसीय मां विपत्ततारिणी पूजा के अंतिम दिन बुधवार की सुबह में मां का पूजन एवं आरती किया गया। वहीं हवन कर खीर तथा खीचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रांची सहित खलारी कोयलांचल पिपरवार से सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजन में षामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मां विपत्ततारिणी की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराते हुए स्थानीय तालाब में विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन में काफी संख्या में महिला पुरूश षामिल हुये। सम्पूर्ण पूजन पण्डित डॉ.एस.के घोशाल और आचार्य विष्वजीत घोषाल के साथ सहयोगी अयोध्या से आए शास्त्री शिवानंद उपाध्याय व शुभम झा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। जिसमें भजन गायिका सुप्रिया घोषाल के द्वारा एक से बढ़ कर एक भजन गाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक डॉक्टर चंद्रशेखर रत्ना, अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी, उपाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, अनुराग सिंह, सचिव समर कुमार सेन, सहसचिव रोहित कुमार, ऋतिक कुमार, प्रियांशु कुमार सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ग्रामीण डाक सेवकों को अतिरिक्त कार्यभार का भुगतान सुनिश्चित किया जाये: रामकुमार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा के पोस्टमास्टर सह ग्रामीण डाक सेवक संघ के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने कहा कि ग्रामीण डाककर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवा की रीढ़ माने जाते हैं। उन्हें न्यूनतम मानदेय पर कार्य का अधिक बोझ उठाना पड़ता है। कई डाककर्मियों को तो एक साथ तीन- तीन कर्मचारियों का प्रभार सौंप दिया गया है, पर इसके एवज में उन्हें अतिरिक्त पारश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है। कहा कि अतिरिक्त कार्यभार थोप दिए जाने से वे मानसिक और आर्थिक रूप से काफी परेशान हैं। इससे उनके कार्य क्षमता पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। एक तरफ तो ग्रामीण डाककर्मी वगैर किसी विभागीय सुविधा के वर्षों से न्यूनतम मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ऊपर से कई बीट का एक साथ प्रभार दे दिए जाने से उनका सेवा कार्य प्रभावित हो रहा है। अतिरिक्त कार्यभार का पारश्रमिक नहीं दिये जाने से उन्हें आर्थिक रूप से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रामकुमार दीपक ने यह भी कहा कि ग्रामीण डाककर्मी काफी दबाव में कार्य करने पर विवश हैं। उन्होंने वरीय अधिकारियों से ग्रामीण डाक कर्मियों को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने तथा खाली पदों पर तुरंत बहाली करने की मांग की। ऐसे में उनका सेवा कार्य प्रभावित हो रहा है। उनकी मांग है कि अतिरिक्त प्रभार का मानदेय भुगतान किया जाए या फिर उन्हें वन हैंड काम करने के लिए स्वतंत्र छोड़ दिया जाए ताकि वे बिना किसी दबाव और परेशानी के बेहतर ढंग से सेवा कार्य को अंजाम दे सकें।

# विद्यालयों के विकास के लिए सोशल ऑडिट का होना जरूरी : बिनोद उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपाध्यक्ष जिला परिषद लोहरदगा बिनोद उरांव की अध्यक्षता में सामाजिक अंकेक्षण सत्र 2021-22 का जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला परिषद सभागार, लोहरदगा में किया गया। जिसमे जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा नीलम आईलीन टोप्पो, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा अम्बुज्य कुमार पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा सरिता एक्का, राज्य सोशल यूनिट के सदस्य वशिष्ट नारायण उरांव, जिले सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के 57 मामले और मध्या भोजन योजना अंतर्गत कुल 18 विद्यालयों के मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें किचन शेड मरम्मत, निर्माण, शौचालय मरम्मत, पानी की समस्या आदि का निराकरण किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष, लोहरदगा ने कहा कि सोशल ऑडिट होने से विद्यालयों की स्थिति की जानकारी होती है। जिससे आगे चलकर सुधार किया जा सकता। मौके पर अभिषेक भारती, लिपिक, कुंदन कुमार, जीतेंद्र मित्तल, शैलेंद्र सुमन, राम जीवन नायक, जयनाथ महतो, परवेज आलम, मंजू कुमारी सहित सभी प्रखण्ड के बीपीओ, संबंधित सीआरपी, बीआरपी और विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए।

## पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा पर हुई चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस. ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबधंक संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान सीआईएसएफ कमांडेड संदीप कुमार एस ने जीएम संजीव कुमार का फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिसके बाद महाप्रबंधक कार्यालय में औपचारिक बैठक कर कई बातों पर चर्चा की गयी। इस दौरान सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा से संबंधित बातों पर विस्तार से चर्चा की गयी। जीएम संजीव कुमार ने कोयला खदान,पीट ऑफिस, वर्कशॉप कार्यालय,साईडिंग सहित अन्य जगहों पर सीआईएसएफ के द्वारा की जा रही डयुटी और सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। साथ ही ड्यूटी के दौरान होने वाले समस्याओं से अवगत हुए और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इस मौके पर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड उपेन्द्र सिंह भी मौजुद थे।

## खलारी कांग्रेस और श्रावणी मेला समिति के सदस्यों ने मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर दी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी कांग्रेस और श्रावणी मेला समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया। इस दौरान डॉ. इरफान अंसारी को श्रावणी मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण उन्हे दिया गया। आमंत्रण को उन्होने सहर्ष स्वीकार किया। साथ ही मौके पर उपस्थित विधायक राजेश कच्छप को भी समिति कर ओर से आमंत्रण दिया गया। जिस पर श्री कच्छप ने समिति के सदस्यों को मेला के लिए शुभकामनाएं देते हुए श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह में अवश्य रूप से षामिल होने की बात कही। इस अवसर पर काँग्रेस नेता तनवीर आलम, विक्की सिंह, मोनू रजक, फिरोज आलम, नीरज कुमार यादव, इश्तियाक अंसारी, अजय तिर्की आदि उपस्थित थे।

## खभावन गांव में वज्रपात से झुलसा युवक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के खभावन गॉव में आज दोपहर को हुई बारिश के समय हुए बज्रपात से मांकर बेदिया पिता अलमा बेदिया, उम्र 17 वर्ष बुरी तरह से झुलस गया। जनकारी के अनुसार बारिश के समय मांकर बेदिया अपने घर में था। जैसे ही बज्रपात हुआ वह उसके चपेट में आ गया और झुलस गया। जिसकी सुचना कुच्चू पंचायत मुखिया सहदेव बेदिया को दी गयी। मुखिया घटना स्थल पर पहुच कर सर्वप्रथम घायल को इलाज के लिए प्रार्थमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनगड़ा भेजा। वहाँ से उसे वेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेजा। जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। मुखिया सहदेव बेदिया का कहना है कि उ० प्रार्थमिक विद्यालय के बगल में ये घर है। विद्यालय में अगर विद्युत ताड़ित यंत्र लगा रहता तो सायद ये घटना नहीं होती। इस लिए विद्यालय में विद्युत ताड़ित यंत्र अतिशीघ्र लगाया जाय। घायल को अस्पताल भेजने में सोहरैया बेदिया,जगेशवर बेदिया, सोमा बेदिया, बालेशवर बेदिया, सुरबनी देवी, शंकर बेदिया, पूर्णी देवी, फूलेशवर बेदिया, घनूवा बेदिया, दिलो देवी, नाम अंसारी, सनू करमाली आदि का अहम योगदान रहा।

## सड़क दुघर्टना में दो घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर कॉलेज गेट के सामने हुए सड़क हादसे में बुधवार की शाम लगभग 7:00 बजे दो युवक घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार सोसई गांव के 19 वर्षीय नीरज कुमार सिंह और 17 वर्षीय कुश कुमार सिंह सब्जी लेने अपने घर से मांडर जा रहे थे। इसी दौरान कॉलेज गेट के निकट एक अन्य वाहन से टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल दोनों को प्राथमिक उपचार हेतु रेफरल अस्पताल मांडर ले जाया गया। जहां से नीरज की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं कुश को प्राथमिक उपचार के बाद रेफरल अस्पताल मांडर से ही छुट्टी मिल गया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की तीसरी महाशक्ति की ओर बढ़ रहा : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगडी।** नगडी प्रखंड कार्यालय में कल्याण विभाग के दारा निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल जिप सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अपसाना प्रवीण प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत अचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड के चार पंचायत नगड़ी देवरी नारो और एडचोरो पंचायत के सरकारी स्कूल के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ और अन्य अतिथियों के द्वारा के संयुक्त रूप से कुल 121 साइकिल का वितरण किया गया, जिसमें 57 साइकिल छात्रों को और 64 साइकिल छात्रओं के बीच वितरण किया गया। वितरण किये गये साइकिल में एसटी छात्र-छात्राओं के बीच- 39 साइकिल, एससी के बीच 6, ओबीसी-21 तथा अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के बीच 55 साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम कल्याण विभाग के द्वारा किया गया था। इस मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत के बच्चे पढ़ लिखकर देश का नाम रौशन करें। श्री सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनियां की तीसरी महाशक्ति की ओर बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि बच्चे देश के आने वाले भविष्य हैं। ऐसे में सरकार द्वरा बच्चों को साइकिल का वितरण करने से स्कूल के आवाजाही में समय बचेगा और उस समय का सदुपयोग बच्चे पढ़ाई में लगायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगड़ी बीडीओ दिपाली भगत ने किया। इस मौके पर ने कहा कि अभी साइकिल वितरण का कार्यक्रम नगड़ी प्रखंड के चार पंचायतों के बीच हुआ है। आने वाले कुछ समय के बाद दूसरे पंचायतों में भी साइकिल वितरण कार्यक्रम चलाया जायेगा। मंच का संचालन अब्दुल कुदुश ने किया मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी केएल सोनी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी छवि बैठा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम शिक्षा पदाधिकारी सुनीता कुमारी, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, चुडामनी महतो अरविंद केसरी, मनीष केसरी, राजेश, शीला देवी, करूणा, दुर्गा, गुलरेज, जय गोपाल सहित सभी विद्यालय के शिक्षक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



नगडी प्रखंड कार्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण करते सांसद संजय सेठ और अतिथि

# 14वां राज्य राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में उन्नति बाघवार को मिले तीन गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** 7 जुलाई से 10 जुलाई तक देवघर स्थित देवघर कॉलेज कैंपसमें होने वाले राज्यस्तरीय 14वां झारखंड राज्य राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में उन्नति बाघवार ने 10 मीटर ओपन साइट एअर राइफल के तीनों श्रेणियों - 10 मीटर एअर राइफल (ओपन साइट) महिला, 10 मीटर एअर राइफल (ओपन साइट) जूनियर महिला और 10 मीटर एअर राइफल (ओपन साइट) यूथ महिला में पहला स्थान प्राप्त कर तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्नति बाघवार कक्षा 8 की छात्रा है और चान्हों स्थित बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार की पुत्री है। उन्नति बाघवार राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण रांची स्थित एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब से ले रही है। इसके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से इसके प्रशिक्षक गोविंदा कुमार, माता-पिता और परिवार के सभी सदस्य बहुत खुश हैं। यह बच्ची राजस्तरीय प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल लाकर अपने परिवार का ही नहीं बल्कि चान्हों प्रखंड का भी नाम रौशन की है।



## चेतनबारी में बिजली ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राज्य सभा सांसद और सांसद संजय सेठ के पहल पर प्रखंड के चेतनबारी में बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी और भाजपा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही ने कार्यकर्ताओं के साथ नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। कई दिनों पूर्व उक्त गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था कजिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा सांसद संजय सेठ व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को दी गयी। दोनों सांसद ने ग्रामीणों से मिली ट्रांसफार्मर जलने की खबर पर अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की पहल की। ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, रामलखन महतो, सुनील महतो, मुखिया वीरेंद्र मुंडा, राजकिशोर, अजय, कामेश्वर, शिवचरण, धनंजय, वीरेंद्र, तारकेश्वर सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के अंतर्गत आज भिन्न-भिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास विधायक समरी लाल, जिला परिषद मनोज बाजपेयी रामजीत गंझू प्रमुख सतनारायण मुंडा मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव के द्वारा संयूक्त रूप से किया गया। वहीं विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उनका प्रयास है की क्षेत्र की कोई भी योजना छूट न जाये। इसके लिए वह दिन रात प्रयास है, लेकिन सरकार के ढुलमुल रवैया के चलते कुछ काम रुक जाता। मौके पर मनोज महतो, दिनेश साहू गुड्डु सिंह बिंदू शाहदेव, कमल मोदी, अशोक साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आकर दो बैलों की मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की दोपहर बज्रपात हुई। जिसकी चपेट में आकर लुपुंग गांव निवासी जयराम महतो के दो बैल मर गये। बताया गया कि दोनों बैल घर से कुछ दुरी पर चर रहे थे। इसी दौरान अचानक वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में वे आ गये। मौके पर हीं दोनों बैलों की मौत हो गयी। दोनों बैलों के मारे जाने से गरीब किसान जयराम महतो के समक्ष घोर संकट उत्पन्न हो गया है। कृषि कार्य में दोनों बैल एक मात्र सहारा थे। इधर जेबीकेएसएस नेता फलिंद्र करमाली ने सरकार से पीड़ित किसान को आपदा प्रबंधन योजना से मुआवजा देने की मांग की है।

## ठनका की चपेट में आकर दो गायों की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के सोबा गांव में बुधवार की दोपहर 1 बजे ठनका चपेट में आकर दो गायों की मौत हो गयी। वहीं एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार सोबा निवासी बालेश्वर महतो की पत्नी रुदो देवी घर के समीप गायों को बांध रही थी। इसी बीच बारिश के साथ हुए ठनका की चपेट में आकर दोनों गायों की मौत हो गयी। वहीं महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों द्वारा बेहतर इलाज के लिए पीड़ित महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, मुखिया कुशेंद्र पाहन, पंसस गौरव कुमार ने परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया है।

# थम नहीं रहा बोबरो मोड़ में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला

**सवारी ऑटो और बाइक में टक्कर, एक की मौत, छह घायल**

**दस दिनों में एक ऑटो चालक और एक ऑटो सवार यात्री, दो लोगों की हुई मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो मोड़ के समीप नरकोपी बोबरो सड़क पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां मोड़ के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे एक सवारी ऑटो व एक बाईक में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे ऑटो में सवार यात्री तिलसीरी गांव थाना भंडरा लोहरदगा निवासी 55 वर्षीय जयकिशुन महतो पिता स्व मोहन महतो की दर्दनाक मौत हो गयी। वही छह लोग घायल हो गये। जिनमें 30 वर्षीय तारामणि देवी पति रामदेव महतो 55 वर्षीय मनी महतो पिता स्व दिना महतो 61 वर्षीय विश्राम लोहरा पिता स्व फेकू लोहरा 3 वर्षीय विनीता कुमारी पिता रामदेव महतो 36 वर्षीय शांति देवी पति मनोज महतो ऑटो सवार सभी लोग तिलसीरी गांव थाना भंडरा जिला लोहरदगा के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग विवाह में भाग लेने के लिए करकट जा रहे थे। वहीं बाइक सवार बोबरो नरकोपी निवासी 18 वर्षीय कपिल महली पिता अर्जुन महली है। सभी घायलों को नरकोपी थाना के एएसआई राम नगीना प्रसाद और उनकी टीम के द्वारा रेफरल अस्पताल चान्हो पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गंभीर रूप से घायल जयकिशुन महतो को मृत घोषित कर दिया। वही चिकित्सकों की देखरेख में घायलों का इलाज किया गया। वही एएसआई राम नगीना प्रसाद ने बताया कि आये दिन बोबरो मोड़ पर दुघर्टना होती रहती है।

पुलिस प्रशासन के समझाने के बावजूद लोग स्पीड में गाड़ी चलाते हुए इस मोड पर अपना संतुलन खो देते हैं और दुर्घनाग्रस्त हो जाते है। ज्ञात हो कि 30 जून 2024 को ऑटो व बाइक की टक्कर में ऑटो चालक चरनालो गांव नरकोपी थाना क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय सुरेश भगत पिता करमा भगत की मौत हो गयी थी। इधर नरकोपी पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का शव व दोनों वाहनों को बरामद कर थाने ले आयी। मृतक का शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को रिम्स रांची भेजा जायेगा।

# स्वर्ण पदक जीतने वाले दिव्यांग मुकेश का सांसद ने किया सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाईलैंड की लोप बुरी में अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय पुरुष दिव्यांग खिलाड़ी सह टाटीसिलवे निवासी मुकेश महतो की टीम ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। बुधवार को रांची सांसद सह राज्य रक्षामंत्री संजय सेठ ने देश का नाम रोशन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ी मुकेश को सम्मानित किया। बता दें कि थाईलैंड में अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय थ्रो बॉल मैच का आयोजन किया गया था। जिसमें झारखंड के 9 दिव्यांग महिला वर्ग से पांच और पुरुष वर्ग से चार खिलाड़ी शामिल थे। सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने थाईलैंड को 25-20, 24-25, 25-15 से हराकर तिरंगा ध्वज थाईलैंड की जमी पर फहराया और स्वर्ण पदक विजेता बना था। इस क्रम में मंत्री संजय सेठ ने दिव्यांग मुकेश और पूरी टीम को बधाई देते हुए ओर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से टाटीसिल्वे मंडल महामंत्री अमित मिश्रा उपस्थित थे।



# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवादददाता

**बुढ़मू।** विवाहित महिला से युवक को प्यार करना पड़ा महंगा, महिला व उसके पति ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर युवक की कर दी निर्मम हत्या। घटना बुढ़मू थाना क्षेत्र के ओझासाडम स्थित जिकरा फॉल का है, युवक का नाम अजय महतो है, जो ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बेडवारी गांव का रहने वाला था, हत्या करने वाले सभी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है और सघन पूछताछ जारी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया है।



**क्या है मामला :**

सूत्रों कि माने तो ओझा साड़म गांव के जगदीश मुंडा अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी पत्नी के प्रेमी अजय महतो बेड़वारी निवासी का प्रेम प्रसंग काफी समय से चल रहा था। जिसकी जानकारी उसके पति को हुई, तो वह आगबबूला हो गया और हत्या का प्लान बना बैठा, पत्नी को दबाव बनाकर युवक अजय महतो को ओझासाड़म स्थित जिकरा फॉल बुलाया और जिकरा फॉल के जंगल में ले जाकर पत्थर से कुचकर हत्या कर दिया है। फिलहाल पुरे मामले कि जांच पुलिस कर रही है।

# टूल रूम में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रुम टाटीसिलवे में बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 21 छात्रों को इंटर्नशिप इन केटीया कोर्स के संपन्न होने पर प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्लैकरॉक माइनिंग एंड मिनरल कंसल्टेंसी डॉ अमृतंशु प्रसाद मौजूद थे। जिनका स्वागत संस्थान के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के हाथों छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया और टूल रुम का भ्रमण कराया गया। संस्थान के प्राचार्य महेश गुप्ता ने टूल रुम में चल रहे विभिन्न कोर्सेज के बारे में बताया। वहीं मुख्य अतिथि ने टूल रुम में मौजूद संसाधनों की तारीफ करते हुए कहा कि टूल रुम समाज में जरुरतमंद लोगों को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार प्राप्त करने में मदद कर रहा है। समारोह के अंत में प्यार और स्नेह के प्रतीक के रुप में स्मृति चिन्ह संस्थान के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व समापन भाषण टूलरुम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने किया। समारोह में एनटीपीसी आईटीआई बड़कागांव, हजारीबाग के सुपरिटेंडेट मिथिलेश कुमार उपाध्याय, संस्थान के झारखंड इंजीनियर पूर्णेन्दु पंकज मौजूद रहे।




# बंगाल पुलिस ने रातू और खलारी में की छापेमारी, दो लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के पाली और खलारी थाना क्षेत्र के राय में छापेमारी कर बंगाल पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर अपने साथ बंगाल ले गयी। आरोपियों में पाली निवासी चकलधर सिंह के पुत्र रविंद्र सिंह और खलारी थाना क्षेत्र के राय निवासी अगनु महतो के पुत्र राहुल कुमार महतो शामिल है।

**क्या है मामला**

अपराधियों ने कुछ दिन पहले बंगाल में एक लूटकांड की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये थे। पुलिस घटना के बाद अपराधियों की पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लूट कांड में एक आईफोन की भी लूट की गयी थी। पुलिस आई फोन के लोकेशन के आधार पर गुरुवार को रांची पहुंची और स्थानीय पुलिस को सूचना देकर खलारी थाना क्षेत्र के राय में छापेमारी कर राहुल कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया। वही लूटी गयी आईफोन को भी बरामद कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रातू थाना क्षेत्र के अमित इंटरप्राइजेज नामक मोबाईल दुकान से उसने मोबाइल की खरीददारी की थी। दुकान का संचालक रविंद्र सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बंगाल पुलिस स्थानीय थाने को सूचना देकर दोनों आरोपियों को अपने साथ बंगाल ले गयी।

# प्रखंड के मेधा विद्यार्थियों को विधायक ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी के बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड के शिक्षा विभाग के ओर से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मेट्रीक और इंटर में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले 125 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्रऔर मेमोटों देकर सम्मानित किया। मौके पर समारोह को संबोधित करते विधायक ने कहा कि जीवन मे सफलता के लिए कठिन परिश्रम के साथ अनुशासन बेहद जरूरी है। छात्रों को शिक्षा के बारे में कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इसके बाद मेट्रीक और इंटर के साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स मे अधिक अंक लाकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को साईकिल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रखण्ड के शंकरी उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, संत एग्नेश उच्च विद्यालय, जोवेल लकड़ा उच्च विद्यालय 21 पड़हा उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्रायें और अभिभावक शामिल हुए। समारोह में मुख्य रूप से बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, बीईईओ, मुखिया रमेश महली, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, राजन किसपोट्टा, अबू माज, बलराम गोप सहित अन्य उपस्थित थेकार्यक्रम का संचालन बीपीओ पम्मी सिंह ने कियाकार्यक्रम का संचालन बीपीओ पम्मी सिंन्हा ने किया।



इटकी में मेघा विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

# भाजपा की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जिसे लेकर बुधवार को टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रुप से खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित हुए। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही कार्यकताओं से अपने बूथ को मजबूत करने की बात पर जोर दिया गया। मौके पर पाहन ने कहा कि पार्टी का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत करना है। पन्ना प्रमुख को विशेष रुप से बूथ स्तर पर काम करने का दायित्व सौंपना है। क्योकि चुनाव के बाद बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी के उम्मीदवारों की जीत का मार्ग प्रशस्त करते है। साथ ही प्रत्येक पंचायत के शक्ती केंद्र में बैठक रखना को कहा। बैठक में मुख्य रुप से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, पूर्व ग्रामीण जिला महामंत्री राजन साहू, सिल्वे मुखिया सह भाजपा नेता नूतन पाहन, गिरिधर मिश्रा, श्रीदाम सिंह मुंडा, उद्धवचंद्र महतो, अमन महतो, मंगल महतो, बिरेंद्र ओझा, भरत महतो, रतनू कुजूर, अशोक पासवान, केएल सिंह, एसी श्रीवास्तव, मनसा, करमा, अरविंद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



